Bareilly Wednesday,
12 April 2023
BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण

PAGE NO : 5 MIDDLE

मोनिका बनी आइडिया थान-2023 की विजेता

जासं, बरेली: रुवि के आरआइएफ के आइडिया थान-23 में विभिन्न स्टार्टअप आइडिया प्रस्तुत किए गए। इसमें राजश्री इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी, इन्वर्टिस, एसआरएमएस, जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा आदि के छात्रों ने नवाचार आधारित माडल प्रस्तुत किए। राजश्री कालेज की बीएससी गृहविज्ञान प्रथम वर्ष की मोनिका एंड ग्रुप की प्रस्तुति मिस्ट्री आर्ट्स पर आधारित स्टार्ट-अप को विजेता घोषित किया गया। 14 अप्रैल को रुवि में प्रस्तावित कार्यक्रम में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल पुरस्कृत व सम्मानित करेंगी। राजश्री ग्रुप के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर सभी विजेताओं व संबंधित शिक्षकों को बधाई दी। एकेडमिक एडवाइजर तूलिका अग्रवाल ने इंस्टीट्यूशंस में चल रहे इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर को छात्रों के करियर निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया।